दाम में कम
खबरों में दम
देश-विदेश और
आपकी अपनी
खबरों के
लिये पढ़िये
"दैनिक ग्रेट राजस्थान"



email:greatrajasthan@yahoo.co.in

सरकार द्वारा राजकीय विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त

# ग्रेट राजस्थान

संस्थापक सम्पादकः- स्व. श्री वशिष्ठ कुमार शर्मा

वर्ष-34 | अंक - 24 | जयपुर, सोमवार, 30 जनवरी, 2023 | आर.एन.आई.नं. 48898/90 | मूल्य- एक रुपया | पृष्ठः 4



रंगदार,
खुशबुदार,
जायकेदार माँ-
बेटी चाय मुम्बई
के विशेषज्ञों
द्वारा तैयार


एक नजर



## पाकिस्तान में नाव पलटने से नौ छात्र लापता, 16 को बचाया

इस्लामाबाद(एजेंसी)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में रविवार को एक नौका के पलट जाने से नौ छात्र लापता हैं और 16 बच्चों को बचा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोहाट जिले के उपायुक्त फुरकान अशरफ ने सिन्हुआ को बताया कि जिले के टांडा बांध में 25 बच्चों को लेकर जा रही नाव पलट गई और गोताखोरों ने 16 बच्चों को बचा लिया, जबकि नौ लापता हैं। एक बचाव संगठन ईधी फाउंडेशन के सूत्रों ने शिन्हुआ से बात करते हुए कहा कि बच्चे एक मदरसे के छात्र थे जो मनोरंजक गतिविधि के लिए बांध पर जा रहे थे।



## हरियाणा के सोनीपत जिले में अमित शाह की रैली रद्द, खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर ने नहीं भरी उड़ान

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के सोनीपत ज़िले के गोहाना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा रद्द कर दी गई है। खराब मौसम की वजह से उनके हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति नहीं मिली।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार दोपहर हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना में जन उत्थान रैली करने वाले थे। रैली के साथ ही गृहमंत्री भाजपा के लिए 2024 के चुनाव का शंखनाद भी करने वाले थे। भाजपा संगठनात्मक तौर पर पहले से ही चुनावों की तैयारी शुरू कर चुकी है। अब गोहाना रैली के जरिए भाजपा हरियाणा में 2024 के चुनावों का शंखनाद करने जा रही है।



## दिल्ली पुलिस ने खालिस्तानी समर्थक चित्र बनाने के आरोप में दो संदिग्ध को हिरासत में लिया

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने दावा किया है कि विकासपुरी, जनकपुरी, पश्चिम विहार, पीरागढ़ी और पश्चिमी दिल्ली के अन्य हिस्सों में दीवारों पर कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थक पेंटिंग एवं नारे लिखने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को जनवरी के पहले सप्ताह में राष्ट्र-विरोधी भित्तिचित्र (हाथ से बने चित्र) मामले की सूचना मिली थी। मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भी एफआईआर दर्ज की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल ने दिल्ली में दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रहे आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का



भारत जोड़ो यात्रा एक दिन पहले खत्म

# राहुल ने श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा फहराया

**श्रीनगर(एजेंसी)।**

श्रीनगर के लाल चौक पर रविवार को राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया। वह सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में वहां पहुंचे। उनके साथ बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। तिरंगा फहराने के बाद राहुल की भारत जोड़ो यात्रा खत्म हो गई जबकि इसे 30 जनवरी को खत्म होना था। लाल चौक के कार्यक्रम के बाद यात्रा खत्म कर दी गई। कांग्रेस दफ्तर में सोमवार को होने वाला कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। लाल चौक पर तिरंगा फहराने के दौरान भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। पूरे इलाके को बैरिकेड्स लगाकर सील कर दिया गया। आसपास की सभी दुकानें बंद करवा दी गईं। राहुल सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में लाल चौक पहुंचे थे। राहुल गांधी के साथ जयराम रमेश, मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती के शामिल होने की जानकारी है। पंथा चौक से अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट मुजफ्फर शाह भी यात्रा में शामिल हुए हैं।



### यात्रा में शामिल हुईं महबूबा मुफ्ती

कांग्रेस की यात्रा में पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती के साथ शामिल हुईं। राहुल के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी भी नजर आईं। यात्रा के दौरान राहुल ने पुलवामा में 2019 में बम विस्फोट में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों को श्रद्धांजलि दी।

### राहुल की सुरक्षा में चूक को लेकर खड़गे ने शाह को चिट्ठी लिखी

दो दिन पहले शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में राहुल गांधी के सुरक्षा घेरे में कई लोग घुस आए थे। राहुल की सुरक्षा में हुई इस चूक को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी। खड़गे ने गृह मंत्री से इस मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की अपील की। साथ ही यात्रा में शामिल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की थी।



## ऋषि सुनक ने कंजर्वेटिव पार्टी के चेयरमैन को बर्खास्त किया

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को कंजर्वेटिव पार्टी के चेयरमैन नादिम जहावी को सरकार से बर्खास्त कर दिया। ऋषि सुनक ने जहावी के टैक्स मामलों की स्वतंत्र जांच के आदेश दिए थे। जांच में पाया गया कि जहावी की टैक्स रिपोर्ट सही नहीं थी। उन्होंने टैक्स मामलों में मिनिस्टीरियल कोड का गंभीर उल्लंघन किया था। ब्रिटेन के मिनिस्टीरियल कोड बताते हैं कि मंत्रियों को कैसा व्यवहार करना चाहिए और कैसे अपनी ड्यूटी पूरी करनी चाहिए। पिछले साल जुलाई में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने जहावी को वित्त मंत्री नियुक्त किया था। वे लिज ट्रस के कार्यकाल में भी कैबिनेट में शामिल थे। सुनक ने पीएम बनने पर उन्हें पार्टी का चेयरमैन बनाया था।

## चेकिंग के बावजूद ईनर वीयर में छुपा ले गया मोबाइलःपहली पारी में आधे से ज्यादा एबसेंट, नकल करते अजमेर में एक पकड़ा



अजमेर(वि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पेपर लीक के चलते स्थगित की गई सीनियर टीचर (माध्यमिक शिक्षा विभाग) एग्जाम-2022 की पहली पारी का एग्जाम सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े 12 बजे तक हुआ। पहली पारी के दौरान प्रदेश में 45.32 फीसदी उपस्थिति रही। दोपहर ढाई बजे से दूसरी पारी की परीक्षा शुरू हुई। इसमें करीब 3.74 लाख कैंडिडेट रजिस्टर्ड है। 28 जिलों में इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सर्दी व बरसात के कारण केंडिडेट्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, पहली पारी में नकल करने के मामले में रामगंज थाना पुलिस ने डीएवी कॉलेज में एक केंडिडेट को पकड़ा है। केंडिडेट इनर वीयर में मोबाइल छुपा कर ले गया। और परीक्षा के दौरान पकड़ा गया। बताया जाता है कि बरसात व सर्दी के कारण चेकिंग के दौरान बरती गई लापरवाही करते केडिडेट ऐसा करने में सफल रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रामगंज थाने के एएसआई मनीराम ने इसकी पुष्टि की है। लेकिन फिलहाल खुलासा नहीं किया।

# राजस्थान में ओले बारिश का कहर

### फसलें चौपट, सड़क पर बिछी सफेद चादर; 23 जिलों में अलर्ट

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में देर रात से बदले मौसम ने कहर बरपा दिया है। उदयपुर, सिरोही समेत प्रदेश के कई इलाकों में भारी मात्रा में ओले गिरने से किसानों की फसल चौपट हो गई है। सड़कों पर ओलों की वजह से सफेद चादर बिछ गई है। वहीं जयपुर में भी रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। आज रविवार को दिन भर जयपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर और बीकानेर संभागों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। इसके साथ ही कहीं-कहीं जगहों पर ओलावृष्टि और हो सकती है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को उत्तर और उत्तर-पूर्वी भागों में बारिश होने की संभावना है।

### यहां हुई अच्छी बारिश



डूंगरपुर, बूंदी, अलवर, चित्तौड़गढ़, टोंक, जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा में अच्छी बारिश हुई है। जिसमें बूंदी में 11द्वद्व, डूंगरपुर के कई शहरों में 2-3 द्वद्व तक, जयपुर शहर के सांगानेर, आमेर, जमवारामगढ़, शाहपुरा, कोटखावदा, चाकसू, जोबनेर, नरैना, बस्सी और मोजमाबाद में 2-4 एमएम तक बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के किसान कैलाश चंद्र धाकड़ ने बताया- ओले गिरने से सबसे ज्यादा नुकसान अफीम और गेहूं की फसलों को हुआ है। अफीम के डोडे टूट गए। अब उनमें से अफीम का दूध नहीं निकलेगा। इनके सीपीएस पद्धति (यानी बिना चीरा लगाए नारकोटिक्स को सौंपना था) उनको काफी नुकसान हुआ है। अफीम के पत्ते भी टूट गए। फसलें आड़े गिर गए। वहीं, किसान प्रकाश ने बताया कि गेहूं की फसलें भी आड़ी गिर गई। अब कटाई मुश्किल से होगी। पैदावार कम होगी।

## विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी समाप्त

### सेना और पुलिस बैंड ने 29 धुनों से सब का मन मोहा



नई दिल्ली(एजेंसी)। नई दिल्ली के विजय चौक पर रविवार को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के साथ ही गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों का समापन हुआ। इस खास मौके पर तीनों सेनाओं के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने 29 क्लासिकल धुनें बजाईं। धुनों ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान के साथ उतारा गया। तीनों सेनाओं की प्रमुख राष्ट्रपति से सेना के बैंड को ले जाने की अनुमति मांगी गई। अनुमति मिलते ही बैंड स्थल से रवाना हो गए। इस मौके पर दिल्ली की सभी प्रमुख इमारतें रंग- बिरंगी रोशनी से जगमग की गईं। सेरेमनी में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे।



कलाकारों के मानदेय में समय अनुरूप वृद्धि प्रस्ताव को मौके पर दी मंजूरी

## लुप्त होती कलाओं के संरक्षण के लिए हो विशेष प्रयास : राज्यपाल



जयपुर(नि.सं.)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा दिए जाने वाले कोमल कोठारी पुरस्कार की ढाई लाख की राशि एक से अधिक लोगों को दिए जाने पर अब बांट कर नहीं दी जाएगी। यदि दो कलाकारों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा तो दोनों को ढाई-ढाई लाख रुपए राशि प्रदान की जाएगी। राज्यपाल एव पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष कलराज मिश्र ने पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की शासी परिषद और कार्यकारी परिषद की संयुक्त बैठक में यह घोषणा की। उन्होंने कलाकारों को वर्षों से दिए जा रहे मानदेय में समय के अनुरूप वृद्धि करने के निर्देश देते हुए इस संबंध में मौके पर ही प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र द्वारा 2023 का फेस्टिवल ऑफ द नॉर्थ ईस्ट ओक्टेव कार्यक्रम गोवा में किए जाने की भी घोषणा की। नॉर्थ ईस्ट के कलाकारों की कला प्रोत्साहन का यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। राज्यपाल मिश्र ने बैठक में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अंतर्गत पारंपरिक और लुप्त होती आदिवासी कलाओं के संरक्षण, प्रलेखन और विभिन्न कला रूपों के अधिकाधिक प्रसार के लिए गंभीर होकर कार्य करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल मिश्र रविवार को गोवा में पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की शासी परिषद और कार्यकारी परिषद की संयुक्त बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र के तहत राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन दीव, दादरा नगर हवेली से जुड़ी लोक, पारंपरिक और आदिवासी कलारूपों के संरक्षण, कलाकारों की परस्पर आदान प्रदान गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, घायल, सीएम पटनायक मिलने पहुंचे

झारसुगड़ा(एजेंसी)। झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर के पास अज्ञात बदमाशों ने स्वास्थ्य मंत्री नबादास को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली सीने में लगी है। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। अभी घटना के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। सीएम नवीन पटनायक अस्पताल मिलने के लिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नबा दास को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब नबा दास ब्रजराजनगर के गांधी चौक पर एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस घटना के बाद बीजेडी कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए हैं।




देश-दुनिया में कोरोना का खतरा

## जापान में जनवरी में 10 हजार मौतें

नई दिल्ली(एजेंसी)। दुनियाभर के कई देशों में कोरोना से हालात बेहद खराब हैं। जापान में एक महीने में 10 हजार मौतें हुई हैं। यह जापान में कोरोना से हुई मौतों का नया रिकॉर्ड है। देश में नवंबर 2022 से ही कोरोना से मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। दिसंबर में 7 हजार 600 से ज्यादा मौतें हुई थीं। जापान में 54 हजार 800 नए मामले सामने आए, जिनमें 533 गंभीर मरीज हैं। जापान में 8 मई से कोरोना को नॉर्मल फ्लू की कैटेगरी में शामिल कर लिया जाएगा। भारत में रविवार को कोरोना के 109 नए मामले सामने आए।



## संरक्षण अधिकारी (महिला अधिकारिता विभाग) परीक्षा-2022 शांतिपूर्वक संपन्न

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संरक्षण अधिकारी (महिला अधिकारिता विभाग) परीक्षा-2022 का आयोजन जयपुर जिला मुख्यालय पर कराया गया। आयोग सचिव श्री एचएल अटल ने बताया कि प्रातः 9 से 12 बजे तक आयोजित प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान की परीक्षा मे पंजीकृत 1848 अभ्यर्थियों में से 589 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। दोपहर 2 से 5 बजे तक द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। इसमें सोशल वर्क विषय में पंजीकृत 779 अभ्यर्थियों में से 172 अभ्यर्थियों द्वारा एवं लॉ विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत 1069 अभ्यर्थियों में से 396 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया।

हादसा

## जयपुर में पिकअप ने बालक को रौंदा, मौत

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर में तेज रफ्तार पिकअप ने बालक को रौंद दिया। हादसे में बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मां से रुपए लेकर बिस्कुट खरीदने दुकान पर गया था। वापस लौटते समय हादसा हो गया। शिवदासपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पिकअप और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हादसे में निवाई टोंक निवासी हसीन खान (10) पुत्र सुलेमान खान की मौत हो गई। वह परिवार के साथ गोनेर मोड शिवदासपुरा में रहता था। 24 जनवरी को शाम करीब 4 बजे अपनी मां हासमा से 10 रुपए लेकर दुकान पर बिस्कुट लेने गया था। घर से कुछ ही दूर पर दुकान से बिस्कुट लेकर नीचे उतर गया। इसी दौरान गोनेर मोड रोड पर तेज रफ्तार पिकअप ने हसीन को अपनी चपेट में ले लिया।

जयपुर | ढाई साल से नहीं हुई थी नियुक्ति, जिला-अध्यक्षों की जल्द हो सकती है घोषणा

## कांग्रेस ने 77 ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गई है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 77 ब्लॉक अध्यक्षों के पदों पर नियुक्ति दी है। इसमें सभी खेमों को साधने की कोशिश की गई है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही जिला अध्यक्षों के नाम पर भी पर लगभग सहमति बन चुकी है। ऐसे में आलाकमान से मंजूरी मिलते ही जल्द ही जिला-अध्यक्षों की लिस्ट भी जारी की जा सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आज अजमेर में 4, अलवर में 12, बांरा में 2, बाड़मेर में 2, भरतपुर में 6, भीलवाड़ा में 2, बीकानेर में 2, बूंदी में 2, चित्तौड़गढ़ में 4 ब्लॉक, चूरू में 4, धौलपुर में 4, गंगानगर में 4, हनुमानगढ़ में 4, जयपुर में 5, जालोर में 8, झुंझुनू में 2, करौली में 4, सीकर में 6 ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए हैं।



**88 पद अब भी खाली**

राजस्थान कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में 400 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी थी। इनमें से अब तक 312 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। वहीं 88 पद अब भी खाली चल रहे हैं। जिनके लिस्ट फरवरी के पहले सप्ताह तक आने की संभावना है। सुखजिंदर सिंह रंधावा के राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी बनने के बाद अब तक ब्लॉक अध्यक्षों की 4 लिस्ट जारी की जा चुकी है।

इनमें 100 ब्लॉक अध्यक्षों की पहली लिस्ट 4 जनवरी को जारी की गई थी। इसके बाद 88 और फिर 47 ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी हुई थी। वहीं आज 77 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

ईको टूरिज्म बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री की पहल

## दौसा जिले में विभिन्न कार्यों के लिए दी वित्तीय स्वीकृति

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए संकल्पित राज्य सरकार ईको टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। दौसा जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए प्राकृतिक स्थलों के विकास के लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने जिले में नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट और खान भांकरी ईको पार्क विकास के लिए 3 करोड़ रुपए (1.50-1.50 करोड़) की वित्तीय स्वीकृति दी है। गहलोत की स्वीकृति से दौसा जिला पर्यटन मानचित्र पर स्थापित होगा। स्थानीय रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वित्त विभाग द्वारा दोनों कार्यों के लिए पूर्व में 54.25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। अब कार्यों को विस्तृत रूप देते हुए 3 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट में वन्यजीव संरक्षण, पर्यटक सुविधा और पर्यावरण जागरूकता के कार्य किए जाएंगे। पर्यटक सुविधाओं में वॉकिंग ट्रेक, ईको हट्स, पानी सुविधा, साइनेज, वन्यजीव संरक्षण में तलाई, एनिकट, पौधारोपण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे।


## संपादकीय

# तमिलगम के नाम पर क्यों चढ़ा पारा

तमिलनाडु को तमिलगम कहने भर से प्रदेश की राजनीति में बवाल मच गया है। यह मुद्दा अब राज्यपाल आरएन रवि बनाम छ्रख्य की अगुवाई वाली राज्य सरकार का न होकर पूरे राज्य का सियासी मुद्दा बन गया है। अब इसमें अस्मिता से लेकर दिल्ली बनाम दक्षिण का मुद्दा भी तलाशा जाने लगा है। छ्रख्य आरोप लगाने लगी कि राज्यपाल बीजेपी और आरएसएस का अजेंडा प्रदेश में लागू करना चाहते हैं। यह बवाल ऐसे समय में उठा है जब बीजेपी दक्षिण भारत खासकर तमिलनाडु में पांव जमाने की पूरी कोशिश कर रही है। शायद यही वजह है कि बीजेपी इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम आगे रख रही है और हड़बड़ी में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहती है। लेकिन छ्रख्य इस मामले में खुद के लिए अवसर देख रही है। दिलचस्प बात है कि यह ऐसा मुद्दा है जिसे कभी छ्रख्य संस्थापक करुणानिधि ने भी सपोर्ट किया था।राजनीतिक विश्लेषक एसके सुरेश का कहना है कि यह सिर्फ राजनीतिक दाव-पेच की लड़ाई है। यह एक सोची-समझी राजनीति लगती है। राज्यपाल के अभिभाषण से अंशों को निकालने की राजनीति पीछे चली गई, मगर तमिलनाडु का नाम बदलने पर राजनीति गरमा गई। इससे पता चलता है कि तमिलनाडु में राजनीति की लड़ाई में किस तरह के दाव-पेच इस्तेमाल में लाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु को तमिलगम कहने के पीछे राज्यपाल की मंशा को समझा जा सकता है। वह यूं ही इस मसले को नहीं उछाल रहे। राज्यपाल आरएन रवि की यह बात काफी कुछ दास्तान खुद ही बयान करती है। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु की सोच कुछ अलग है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो जब भी कोई चीज पूरे देश में लागू होती है तो तमिलनाडु का जवाब होता है ना। तमिलनाडु की यह आदत सी बन गई है। तमिलनाडु को यह सोच बदलनी होगी। सच की जीत होनी चाहिए। तमिलनाडु के लिए तमिलगम ही उपयुक्त शब्द है।उनके इस बयान के पीछे राजनीतिक निहितार्थ माने गए। माना गया कि कहीं न कहीं बीजेपी की भी उनकी बातों से सहमति है। तर्क दिया कि इस तरह की मांग पहले भी उठती रही है और प्रदेश के कई नेता भी ऐसी मांग कर चुके हैं। तो फिर इस बार इतना बवाल क्यों हो रहा है? छ्रख्य ने आरोप लगाया कि बीजेपी को द्रविड़ियन संस्कृति से दिक्कत है। दरअसल तमिलनाडु की राजनीति पिछले कई सालों से इसी मुद्दे के इर्द-गिर्द घूमती रही है, जिसमें राष्ट्रीय राजनीति का हस्तक्षेप नहीं के बराबर रहा। बीजेपी को लगता है कि इसमें राष्ट्रवाद का जब तक हस्तक्षेप नहीं होगा, तब तक इस पारंपरिक राजनीति की दिशा को मोड़ना संभव नहीं है।

# क्या चाहते हैं खम्मम में जुटे विपक्षी दल

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अब पूर्ण होने को है। ऐसे में पांच विपक्षी दलों के नेताओं के तेलंगाना में एकजुट होने से विपक्षी एकता पर जवाब मिलने से ज्यादा सवाल उठ खड़े हुए हैं। बेशक यह अप्रत्याशित नहीं था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव लंबे समय से क्षेत्रीय दलों का संघीय मोर्चा बनाने की कवायद में जुटे हैं। अपने क्षेत्रीय दल तेलंगाना राष्ट्र समिति को भारत राष्ट्र समिति का नाम देकर वह अपनी राष्ट्रीय राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं भी स्पष्ट कर चुके हैं।18 जनवरी को तेलंगाना के खम्मम में हुई रैली में तीन राज्यों के मुख्यमंत्री ड्ड अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और पिनाराई विजयन ड्ड सहित पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सीपीआई नेता डी. राजा भी शामिल हुए। तमाम वर्गों की समस्याओं पर चिंता जताते हुए रैली में बताया गया कि तेलंगाना की कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी नीतियां उनका सुनियोजित समाधान पेश करती हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती खम्मम में जुटे पांच विपक्षी नेताओं के मोदी और बीजेपी विरोध पर तो संदेह नहीं, पर उनकी क्षमता पर जरूर है।ये जिन राज्यों के क्षत्रप हैं, वहां से देश की 543 सदस्यीय लोकसभा में 120 सांसद आते हैं। इन दलों के पास मात्र 19 सांसद हैं। इसके मुकाबले कांग्रेस के पास इस बुरे वक्त में भी, 53 सांसद हैं, जिसे अलग-थलग करने का संकेत खम्मम रैली से गया है।बेशक इनमें से कोई भी नेता रैली में कांग्रेस के विरुद्ध नहीं बोला, पर जब-तब आते रहे उनके बयान और अब तक के व्यवहार से साफ है कि उनके निशाने पर कांग्रेस भी है, जिसके तेवर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आगे बढ़ने के साथ-साथ बदलते नजर आ रहे हैं।भारत जोड़ो यात्रा से जनमानस में राहुल की छवि में बदलाव और हताश कांग्रेस में नए उत्साह के संचार से विरोधी भी इनकार नहीं कर रहे। इससे बीजेपी का चिंतित होना स्वाभाविक है, पर विपक्षी नेता भी कम आशंकित नहीं हैं।बात तेलंगाना की करें तो केसीआर ने अपना राजनीतिक जीवन कांग्रेस से ही शुरू किया था। पृथक तेलंगाना के लिए लंबे संघर्ष से वह इस राज्य के स्वाभाविक नेता बने।लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए बिसात बिछा रहे केसीआर की पार्टी टीआरएस ने पिछले चुनाव में 120 सदस्यीय विधानसभा (एक सदस्य मनोनीत होता है) में 88 सीटें जीती थीं। दलबदल और उप चुनाव के जरिए बाद में यह आंकड़ा 100 पार कर गया।प्रेक्षकों का मानना है कि पिछला प्रदर्शन दोहराना तो कठिन है, पर सरकार बनाने में कोई मुश्किल नहीं होगी, क्योंकि हाशिए पर पड़ी कांग्रेस और बीजेपी ज्यादा चुनौती नहीं पेश कर पाएंगी।



# दिल के मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रही हैं कुछ अत्याधुनिक तकनीक

दिल के मरीजों के बढ़ते आंकड़े चिंता का विषय बन रहे हैं। जबकि इस दिशा में आज इतनी तरक्की को चुकी है कि क्रिटिकल पेशेंट को भी सही और समय पर उपचार से बचाया जा सकता है। 39 साल के विशाल उप्रेती को कुछ समय पहले सीने में दर्द (छ्द्धद्दह्यह्ल श्चद्बद्धठ्ठ) महसूस हुआ था। हालांकि, यह दर्द बहुत हल्का था और कुछ ही सेकंड्स तक रहा। पर विशाल और उनके परिवार को डॉक्टर से सलाह लेना ज़रूरी लगा। डॉक्टर से लिए गए परामर्श और कुछ टेस्ट्स में सामने आया कि विशाल की आर्टरी में ब्लड क्लॉट हैं। जिसके कारण हृदय तक जाने वाला खून सही मात्रा में नहीं पहुंच रहा था। इसके कारण उन्हें हार्ट अटैक का सामना करना पड़ा।हालांकि, प्रारंभिक स्टेज पर ही बीमारी का पता लग गया था, इसीलिए डॉक्टर ने फिलहाल दवाइयां लेने और नियमित रूप से जांच करवाते रहने की सलाह दी गई। इसके कुछ सालों के बाद जब वह मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे, तब कुछ ही कदम चलने के बाद ही उन्हें सीने में परेशानी होने लगी और सांस आनी बंद हो गई। किसी तरह वह घर पहुंचे और पहुंचते ही गिर पड़े। उनके परिवार ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां ठीक तरह से जांच-पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने पाया कि उन्हें हार्ट अटैक आया है।इसके बाद डॉक्टरों ने ÷ऑप्टिकल कोहेरेन्स टोमोग्राफी (ओसीटी)÷ टेस्ट किया जो हृदय की धमनियों के अंदर 3-डी इमेज कैप्चर करता है, और पाया कि उनकी महत्वपूर्ण धमनियों में से एक धमनी ब्लड क्लॉट के कारण सिकुड़ गई है।

**ओसीटी है जरूरी** –डॉक्टरों ने तत्काल परक्यूटेनियस कोरोनेरी इंटरवेंशन (पीसीआई) की प्रक्रिया की और धमनी को खुला रखने के लिए उसमें स्?टंट्स डाली। जिससे दिल तक दोबारा ऑक्सीजन का प्रवाह सुचारू रूप से हो सके। एससीएडी की कवरेज की पुष्टि के लिए प्रक्रिया के बाद दोबारा ओसीटी किया गया। ओसीटी के दौरान कोई भी परेशानी सामने नहीं आई थी। अस्पताल में सिर्फ एक दिन भर्ती रहने के बाद डॉक्टरों ने विशाल को दवाइयां और मेडिकल सलाह देकर डिस्चार्ज कर दिया।बेहतरी हुई है। कोरोनरी आर्टरी डिजीज हृदय रोगों में सबसे आम हृदय की स्थिति है और भारत में अभी भी चिंता का मुख्य विषय है, लेकिन इस क्षेत्र में हुई तकनीकी प्रगति ने लोगों की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



# बहार के मौसम में भी रूखी है त्वचा कैसे रखना है इसका ख्याल



उम्र बढ़ने के साथ-साथ सामान्य त्वचा भी रूखी होने लगती है। उस पर बदलते मौसम में जब सबकी स्किन ग्लो कर रही होती है, आपकी स्किन आपको परेशान कर सकती है। जानिए कैसे रखना है इस मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल। वसंत के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। अब न तो वातावरण में पहले जैसी ठंड रह गई है और न ही हवा अब उतनी शुष्क है। यकीनन मौसम का यह बदलाव त्वचा पर भी नजर आने लगता है। पर बढ़ती उम्र के साथ हो सकता है कि इस मौसम में भी आपकी त्वचा आपसे एक्स्ट्रा केयर चाह रही हो। इसलिए जरूरी है कि उम्र के साथ चेहरे पर बढ़ने वाली ड्राईनेस को कंट्रोल करने के लिए कुछ चीजों का ध्यान रखा जाए। आइए जानते हैं उन उपायों के बारे में जो स्किन को नर्म, मुलायम बनाए रख सकते हैं।

**पहचानें आपकी त्वचा की चुनौतियां**–यलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के अनुसार बढ़ती उम्र आपकी त्वचा के लिए चुनौतियां बढ़ा सकती है। इसके साथ ही गर्म पानी से नहाने से भी त्वचा को नुकसान हो सकता है, जिससे स्किन ड्राई होती है। हार्श साबुन का उपयोग करना और स्किन को जोर से रगड़ना त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।ड्राई और डैमेज स्किन को मॉश्चराइज करने की बहुत आवश्यकता होती है। ड्राई स्किन की केयर करते समय स्किन केयर में इस्तेमाल होने वाली चीजों को सादा रखें। आपका स्किन केयर रूटीन जितना सिंपल रहेगा आप उतनी ज्यादा चीजों को अपनी स्किन पर लगाने से बचेंगे जैसे टोनर, सीरम और भारी मेकअप। ये सब चीजें स्किन को ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं।

**मॉइश्चराइजर का ध्यान रखना भी है जरूरी**–हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अनुसार मॉइस्चराइजर जितना थिक और चिकना होगा, वह उतना ही अधिक प्रभावी होगा। कुछ सबसे प्रभावी और कम खर्चीले मॉइस्चराइजर है पेट्रोलियम जेली और मॉइस्चराइजिंग तेल (जैसे मिनिरल ऑयल), जो पोर्स को बंद किए बिना स्किन में नमी को बनाए रखते है।

**1 करें गुनगुने पानी का इस्तेमाल**–हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अनुसार गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी का प्रयोग करें, गर्म पानी आपके शरीर के नेचुरल ऑयल को खत्म कर सकता है।

**2 साबुन का प्रयोग कम करें**–यदि आवश्यक हो, तो डव, ओले और बेसिस जैसी मॉइस्चराइजिंग साबुन का प्रयोग करें, या सेटाफिल, ऑयलैटम-एडी और एक्वानिल जैसे सोप फ्री क्लींजर का प्रयोग करें। डिओडोरेंट सोप, प्रफ्युम्ड सोप और अल्कोहल प्रोडक्टस से दूर रहें। ये सभी नेचुरल ऑयल को आपकी बॉडी से खत्म कर सकते हैं।

**3 स्किन को रगड़ने से बचें**–त्वचा ड्राई होने के जोखिम को कम करने के लिए, नहाने के समय स्पंज, स्क्रब ब्रश और वॉशक्लॉथ के इस्तेमाल से बचें। यदि आप इन्हे इस्तेमाल करना चाहते है तो हल्का रगड़े ज्यादा तेज स्क्रब करने से बचें। तौलिये से शरीर को सुखाते समय त्वचा को थपथपाएँ न की रगड़ें। फोटोएजिंग को रोकने के लिए गर्मियों के साथ-साथ सर्दियों में भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है।

**4 नारियल का तेल है फायदेमंद**– पेन मेडिसन के अनुसार नारियल का तेल प्राकृतिक रूप से एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल होता है, जो त्वचा के लिए इसे बहुत फयदेमंद बनाता है। नमक या ब्राउन शुगर के साथ मिक्स करके यह मॉइस्चराइजर के साथ-साथ एक्सफोलिएटर के रूप में काम करता है।नारियल का तेल एक प्रभावी मॉइस्चराइजर के रूप में काम करता है, जिन लोगों को मुंहासे होते हैं, उन्हें इसे अपने चेहरे पर लगाने से बचना चाहिए। आप नारियल के तेल को रात में सोने से पहले अपने चेहरे या पूरे शरीर पर लगा लें ये काफी असरदार होगा।

**5 खूब पानी पिएं**–अकसर सर्दियों में प्यास कम लगने के कारण लोग पानी पीना भूल जोते हैं, जिससे शरीर में नमी खत्म हो जाती है और स्किन फटने लगती है। कभी-कभी ये समस्या ज्यादा बढ़ जाती है जिसके कारण डिहाइड्रेशन हो जाता है।

# क्या सर्दियों में भी है सनस्क्रीन लगाने की जरूरत? जवाब है हां, हम बता रहे हैं कारण



गर्मियों में हम सभी सनस्क्रीन लगाना नहीं भूलते, क्योंकि हम जानते हैं कि तेज धूप त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है। पर सर्दियों में हम ऐसा नहीं करते! जिसका नुकसान स्किन को उठाना पड़ता है।सूरज की अल्ट्रावायलेट रे हमारी स्किन के लिए हानिकारक हैं, जिससे बचाव के लिए सनस्क्रीन का उपयोग जरूरी है, पर क्या सर्दियों में भी सनस्क्रीन हमारे लिए उतनी ही जरूरी हैं? गर्मियों में धूप ज्यादा तेज होती है इसलिए टैनिंग के डर से हम सनस्क्रीन लगाते है, पर सर्दियों में हमें यह धूप अच्छी लगती है। धूप में रहना अच्छा लगता है। यही वजह है कि हम सनस्क्रीन लगाने से बचने लगते हैं। पर क्या यह सही है? तो जवाब है नहीं! जी हां सर्दियों में भी आपके लिए नियमित रूप से सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। तब भी जब आप इनडोर हों और कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम कर रहीं हों। आइए जानते हैं आपके स्किन केयर और सनस्क्रीन के बारे में ऐसे ही कुछ जरूरी तथ्य।सर्दियों में धूप सुहानी लगती है। इसलिए हम सनस्क्रीन पर उतना ध्यान नहीं देते। जबकि यह गलत है, क्योंकि सिर्फ मौसम बदलते हैं सूरज की हानिकारक किरणें वही रहती हैं। इसलिए सर्दियों में भी सनस्क्रीन की उतनी ही जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में। सर्दियों में हम धूप के साथ ज्यादा समय तक सूरज की हानिकारक किरणों के संपर्क में होते हैं। इसलिए सर्दियों में सनस्क्रीन और ज्यादा जरूरी हो जाती है।

**1 सूरज की कौन सी किरणें हैं त्वचा के लिए नुकसानदेह**–सूर्य की किरणों में 3 शक्तिशाली अल्ट्रावायलेट रे होती हैं, यूवीए , यूवीबी और यूवीसी । ओजोन परत यूवीसी को अवशोषित करती है, यूवीसी इन तीनों में सबसे शक्तिशाली है। यूवीबी और यूवीए पृथ्वी को गर्म करती हैं। अगर आप यूवीबी रे के संपर्क में ज्यादा समय तक रहेंगे, तो ये हानिकारक सनबर्न का कारण बन सकती है। जबकि यूवीए रे स्किन की गहराई में जा सकती हैं और स्किन कैंसर का कारण बन सकती हैं। सर्दियों के महीनों में जब सूरज दिखाई नहीं देता है तब भी ये किरणें वातावरण में मौजूद होती हैं। सनस्क्रीन हानिकारक किरणों से लड़ने में मदद करती है। पर जब आप सनस्क्रीन को नजरअंदाज करती हैं, तो सनबर्न और स्किन कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।

**2 क्या सांवले लोगों को प्रभावित नहीं करती अल्ट्रावायलेट रे?** अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी सभी स्किन टाइप के लोगों के लिए 30 या उससे अधिक एसपीएफ वाले सनस्क्रीन के नियमित उपयोग की सलाह देता है। हालांकि स्किन कैंसर गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों की तुलना में हल्के रंग की त्वचा वाले लोगों में कहीं अधिक देखा जाता हैं। ऐसी कोई स्पष्ट स्टडी नहीं है जो ये दर्शाती है कि गहरे रंग के लोगों को नियमित सनस्क्रीन लगाने के बाद स्किन कैंसर का खतरा कम होता है।

# त्वचा पर स्पॉटलेस ग्लो के लिए ट्राई करें सुपरफूड्स से बना कोलेजन बूस्टर फेस मास्क



पिम्पल, पिगमेंटेशन, एक्ने इत्यादि जैसी समस्या से परेशान हैं तो इस स्थिति में कोलेजन आपकी मदद कर सकता है। यहां है कोलेजन बूस्टिंग मास्क की प्रभावी रेसिपी। खराब लाइफस्टाइल, धूल गंदगी प्रदूषण और आपके खान-पान के कारण त्वचा से जुड़ी समस्याएं जैसे कि एक्ने, पिंपल, डार्क स्पॉट और एजिंग साइंस की समस्या लोगों की परेशानी का कारण बन चुकी है। ऐसे में इन सभी समस्यायों को कंट्रोल करने का एक सबसे अच्छा तरीका है शरीर में कोलेजन की पर्याप्त मात्रा। कोलेजन शरीर में मौजूद एक आवश्यक प्रोटीन है, जो त्वचा के लिए प्रभावी रूप से काम करता है और त्वचा की सेहत को लंबे समय तक बनाए रखता है। ऐसे में शरीर में कॉलेजन की मात्रा को बनाए रखने के लिए कुछ आवश्यक खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकती हैं। इसके साथ ही कोलेजन बूस्टर फेस मास्क और फेस पैक भी मददगार रहेंगे। इसलिए आज हम लेकर आए हैं, मसूर दाल, फ्लैक्स सीड्स, तिल और दूध से बने फेस मास्क की प्रभावी रेसिपी। इन सुपरफूड्स में अमीनो एसिड के साथ ही कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखने के साथ ही इसे मुलायम और ग्लोइंग बनाते हैं। यदि आप भी त्वचा संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, तो अपनी स्किन केयर रूटीन में जरूर शामिल करें कोलेजन बूस्टर फेस मास्क की रेसिपी ।

कोलेजन बूस्टर फेस मास्क बनाने के लिए आपको चाहिए

- मसूर दाल
- फ्लैक्स सीड्स
- तिल
- दूध



इस तरह तैयार करें

सबसे पहले मसूर दाल, फ्लैक्स सीड्स और तिल को ब्लेंडर में डालकर पीस लें।

फिर एक पैन को मध्यम आंच पर चढ़ा दें, उसमे दूध डालें और दूध को बॉयल होने दें।

दूध के बॉयल होने पर उसमे तैयार किये गए मिश्रण को डाल दें।

इसे तबतक पकने दें जब तक दूध पूरी तरह सूख न जाये और पेस्ट गाढ़ा न हो जाए।

उसके बाद इसे किसी बाउल में निकाल लें और ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडा हो जाये तो इसे अपनी त्वचा पर अप्लाई करें। और 20 से 25 मिनट तक लगाए रखें।

उसके बाद इसे अपनी उंगलियों की मदद से निकाल लें। और फिर त्वचा को 5 मिनट तक मसाज करें।

उचित परिणाम के लिए हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करना है जरूरी।

**नोट :** यदि आपको कहीं बाहर नहीं जाना तो अपने चेहरे को पानी से न धोएं। और यदि जाना है तो आप हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो सकती हैं।

# फार्टिंग से परेशान हैं,तो गैस से तुरंत राहत पाने के लिए ट्राई करें ये योगासन



बदल रहे लाइफस्टाइल में गैस और ब्लॉटिंग ऐसी समस्या है, जिससे हर व्यक्ति परेशान है। अगर आप भी फार्टिंग से बचना चाहते हैं, तो अब आपकी परेशानी इन योगासनों के माध्यम से दूर हो सकती है। जानिए गैस रिलीज करने वाले इन योगासनों को करने की विधि।योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। मस्तिष्क से लेकर पैरों की उंगलियों तक। शरीर का हर हिस्सा योग के माध्यम से चार्ज और स्वस्थ रह सकता है। आए दिन हम कई तरह की बीमारियों से घिरे रहते हैं। खासतौर से एसिडिटी, गैस और ब्लॉटिंग एक ऐसी समस्या है, जिससे देर तक बैठकर काम करने वाले लो ज्यादा परेशान रहते हैं। मगर परेशान न हों, क्योंकि योग में कुछ ऐसे आसन भी हैं जो आपको इस समस्या से तुरंत राहत दे सकते हैं।

**कई समस्याओं का कारण बन सकती हैं गैस**–शरीर से गैस रिलीज न होने के कारण कई बार सीने में जलन, पेट या पीठ में अचानक होने वाला असहनीय दर्द और खट्टे डकार आने लगते हैं। इससे बचने के लिए हम जल्दबाजी में एसिडिटी की दवाई ले लेते हैं। जो उस समस्या को वहीं रोक देती है और हम स्वस्थ महसूस करने लगते हैं। अगर आप इस समस्या को पूर्ण रूप से जड़ से खत्म करना चाहते हैं, तो इन योगासनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इससे आप स्वस्थ और फिट फील करेंगी। इस बात में वाह लाइफ की फाउंडर सुमिता गुप्ता हमें आप उन योगासनों का परिचय दे रही है, जो इंस्टेंट गैस रिलीज में मददगार साबित हो साकते हैं।

**1. पवनमुक्तासन**–वेलनेस कोच सुमिता गुप्ता के अनुसार पीठ के बल किए जाने वाले इस आसन को पवनमुक्तासन कहा जाता है। इसे करने से शरीर में मौजूद वायु की समस्या दूर होती है। इसके अलावा पीठ दर्द, कमर दर्द, हाई ब्लड प्रैशर और अनियमित मासिक धर्म से राहत मिलती है। इससे हमारी पाचन क्रिया दुरूस्त रहती है और मांसपेशियों को भी मज़बूती मिलती है।

**2.मकरासन** –सुमिता गुप्ता बताती हैं कि मकरासन का अर्थ है मगरमच्छ जैसी आकृति। इसे पेट के बल लेटकर किया जाता है। जो गैस और एसिडिटी की समस्या से मिनटों में राहत पहुंचा सकता है। इस योगासन के ज़रिए आप खुद को हल्का और तनाव मुक्त महसूस करते हैं। इसके अलावा ये आसन अनिद्रा की समस्या को भी दूर करने में एक कारगर उपाय है।अब दोनों हाथों से एलबो का एक स्टैंण्ड बना लें। अपनी चिन को उसके मध्य टिका दें।आंखों को बंद कर लें और पैरों के बीच में थोड़ी सी दूरी रखें।अब एक एक कर पैरों की एड़ी को मोड़े और घुटने के पास ले जाएं।इस प्रक्रिया को आप आठ से दस बार कर सकते हैं। आप चाहें, तो कुछ देर के लिए पैरों को बिना हिलाएं भीविश्राम की मुद्रा में लेट सकते हैं।इससे एसिडिटी की समस्या का निवारण आसानी से हो जाता है।

**3.शलभासन** –अगर आप एसिडिटी से पोशान है, तो शलभासन को ज़रूर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। ये देखने और सुनने में जितना आसानी लगता है, उतना सिंपल नहीं है। टिड्डी आसन के नाम से प्रचलित इस योग को सावधानीपूर्वक करें। इस आसन से पेट में गैस की समस्या का समाधान होता है।

**ब्लड डोनेशन के बारे में तो आप सभी जानते होंगे। वहीं आप में से कई लोग ऐसे होंगे जिन्होंने कई बार रक्तदान भी किया होगा। हालांकि, ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि रक्तदान हम दूसरों के लिए कर रहे हैं। पर शायद आप नहीं जानतीं कि ब्लड डोनेट करने का जितना फायदा दूसरे को होता है, उससे दोगुना यह आपके लिए फायदेमंद है। कई ऐसी गंभीर बीमारियां हैं, जिनमें व्यक्ति की जान पूरी तरह उसके ब्लड डोनर पर निर्भर करती है। ऐसे में कभी भी ब्लड डोनेट करने से पीछे न हटें। यह सामने वाले के जीवन को बचाने के साथ-साथ आपकी सेहत को भी बनाए रखने में मदद करेगा।**

# आपकी मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है रक्तदान करना, जानिए क्या होता है समग्र स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव






ब्लड डोनेशन के बारे में तो आप सभी जानते होंगे। वहीं आप में से कई लोग ऐसे होंगे जिन्होंने कई बार रक्तदान भी किया होगा। हालांकि, ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि रक्तदान हम दूसरों के लिए कर रहे हैं। पर शायद आप नहीं जानतीं कि ब्लड डोनेट करने का जितना फायदा दूसरे को होता है, उससे दोगुना यह आपके लिए फायदेमंद है। कई ऐसी गंभीर बीमारियां हैं, जिनमें व्यक्ति की जान पूरी तरह उसके ब्लड डोनर पर निर्भर करती है। ऐसे में कभी भी ब्लड डोनेट करने से पीछे न हटें। यह सामने वाले के जीवन को बचाने के साथ-साथ आपकी सेहत को भी बनाए रखने में मदद करेगा। अब आपके मन मे सवाल आना स्वभाविक है, कि आखिर ब्लड डोनेट करना एक डोनर के लिए कैसे फायदेमंद हो सकता है। तो आज आपके इसी सवाल का जवाब लेकर हम आए हैं।हेल्थ शॉट्स ने उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की फाउंडर डायरेक्टर डॉक्टर शुचिन बजाज से बातचीत की। उन्होंने इसके कई महत्वपूर्ण फायदे बताए। तो चलिए जानते हैं, आखिर ब्लड डोनेट करना किस तरह व्यक्तिगत रूप से आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**1. शरीर में मौजूद हानिकारक आयरन को बाहर निकालता है**–यूएस में 200 लोगों में से एक व्यक्ति हेमोक्रोमेटोसिस कि स्थिति से ग्रसित हैं। कई लोग इस शब्द से परिचित नहीं होंगे, तो आपको बताएं कि यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें आपके शरीर में आयरन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है। ऐसे में ब्लड डोनेट करने से शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा आयरन बाहर निकल जाता है। वहीं दी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार शरीर में आयरन की अधिकता को कम करने के लिए ब्लड डोनेट करना एक सबसे अच्छा और प्रभावी उपाय हैं।

**2. दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना को कम करता है**–अमेरिकन जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी द्वारा प्रकाशित है कि स्टडी के अनुसार साल में कम से कम एक बार रक्तदान करने से हार्ट अटैक की संभावना 88 प्रतिशत तक कम हो जाती है। खून में आयरन की अधिक मात्रा ब्लड वेसल्स को ब्लॉक कर देती हैं। जिसकी वजह से हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में ब्लड डोनेट करने से शरीर से एक्स्ट्रा आयरन रिलीज होता है और आपको स्वस्थ रहने में मदद मिलती है।

**3. मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद**–रक्तदान करना शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जितना महत्वपूर्ण है उतना ही यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। नियमित रूप से रक्तदान करना एक प्रकार का सामाजिक कार्य है। वहीं कई ऐसे जरूरतमंद है जिन्हें इसकी सख्त जरूरत होती है। ऐसे में किसी की जान बचाने या मुश्किल वक्त में किसी के काम आने से रक्तदान करने से आपको अंदर से खुशी महसूस होती है। जो आपके साइकोलॉजिकल हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद है। वहीं रिसर्च में देखा गया कि नियमित रूप से रक्तदान करने वाले व्यक्ति में डिप्रेशन एंग्जाइटी और अकेलेपन जैसी समस्याओं की संभावना बहुत कम होती है। क्योंकि वह मानसिक रूप से संतुष्ट और खुश रहती हैं।



# उर्फी जावेद

## ने बताया क्यों पहनती हैं बोल्ड कपड़े, कहा–हां, अटेंशन पाने के लिए है ये

अपने कपड़ों और पहनावे को लेकर हमेशा ट्रोल होने वाली उर्फी जावेद अब मुसीबत में फंस गई हैं। उर्फी जावेद को उसके कपड़ों की वजह से रेप और जान से मारने की धमकी मिल रही है। वहीं उर्फी के खिलाफ भाजपा नेता चित्रा वाघ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि आधी नग्न महिलाएं सड़कों पर खुलेआम घूमती हैं। वहीं उर्फी जावेद ने भी रेप और जान से मारने की धमकी के संबंध में महाराष्ट्र महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। रेप और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद उर्फी जावेद ने महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। उर्फी जावेद की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए महिला आयोग ने मुंबई पुलिस से मामले को गंभीरता से लेने का अनुरोध किया है। इस पर उर्फी जावेद ने ईटाइम्स से बात करते हुए कहा कि उन्हें अभी सुरक्षा की जरूरत है। वह डरी हुई और असुरक्षित महसूस करती है।उन्होंने कहा कि कई बड़े राजनीतिक नेता हैं जो मामलों को अपने हाथ में लेना चाहते हैं। अगर उन्हें लगता है कि कुछ अवैध है, तो उन्हें पुलिस या अदालत जाना चाहिए। लेकिन यहां लोग कानून हाथ में लेते हैं और खुलेआम मुझे जान से मारने की धमकी देते हैं। इसलिए मैं असुरक्षित महसूस करती हूं और मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। उर्फी ने मिल रही धमकी पर कहा कि यह कोई आम आदमी नहीं है जो मुझे धमकी दे रहा है, बल्कि एक राजनेता है जिसकी कई लोगों पर सत्ता है। कई उसको फॉलो करते हैं। इस तरह वह मुझे मारने के लिए लोगों को प्रभावित कर सकता है। यह सही नहीं है। उर्फी ने अपने बोल्ड कपड़े पहनने की बात पर जवाब देते हुए कहा कि कौन तय करता है कि क्या सही है और क्या नहीं? सेलेब्स का कहना है कि मैं ये सब अटेंशन के लिए कर रही हूं... हां, अटेंशन के लिए कर रही हूं। उन्होंने कहा, यह इंडस्ट्री लोकप्रियता हासिल करने और ध्यान आकर्षित करने के लिए है, तो इसमें गलत क्या है? मैं सिर्फ 25 साल की हूं जिसने कुछ भी गलत नहीं किया है और ये लोग मुझे अपराधी बना रहे हैं। वे मेरे कपड़ों के बारे में शिकायत कर रहे हैं लेकिन उन लोगों से कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं जो मुझे जान से मारने और रेप की धमकी देते रहे हैं।

# कृष्णा श्रॉफ


## फिटनेस और बोल्ड अंदाज से एक्ट्रेसेस को मात देती हैं टाइगर की बहन

**बवाल है कृष्णा श्रॉफ का हर अंदाज, बोल्ड अंदाज से इंस्टाग्राम का बढ़ाती हैं...**

अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी व टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ का जन्मदिन जनवरी को होता है। कृष्णा श्रॉफ की भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके जन्मदिन पर आपको बताते हैं उनके बारे में कुछ बातें और दिखाते हैं उनकी ग्लैमरस फोटोज।कृष्णा श्रॉफ का अंदाज काफी बोल्ड हैं और वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने सिजलिंग फोटोज शेयर करती हैं, जो वायरल हो जाती हैं।कृष्णा श्रॉफ, एमएमए मैट्रिक्स फिटनेस सेंटर और मैट्रिक्स फाइट नाइट की फाउंडर भी हैं।याद दिला दें कि बीते साल जून में कृष्णा ब्रेकअप को लेकर चर्चा में थीं। कृष्णा, एबन हायम्स को लंबे व्क तक डेट कर रही थीं, लेकिन फिर उनका ब्रेकअ हो गया था।कृष्णा श्रॉफ के इंस्टाग्राम पर 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं और वो खुद 257 लोगों को फॉलो करती हैं। कृष्णा अभी तक इंस्टाग्राम पर 397 पोस्ट कर चुकी हैं।कृष्णा श्रॉफ को कई सेलेब्स भी फॉलो करते हैं, जिन में आलिया भट्ट से लेकर दिशा पाटनी तक का नाम शामिल है।कृष्णा श्रॉफ की दिशा पाटनी से काफी अच्छी दोस्ती हैं। दिशा और कृष्णा श्रॉफ, एक दूजे संग अक्सर टाइम बिताते नजर आते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक वक्त पर दिशा और टाइगर एक वक्त पर रिलेशन में थे, हालांकि दोनों ने हमेशा एक दूजे को अच्छा दोस्त बताया।कृष्णा श्रॉफ को टैटूज का काफी शौक है। कृष्णा श्रॉफ के बाजू से लेकर पेट-पीठ से जांघ तक पर टैटूज बने हैं। कृष्णा काफी स्वैग से टैटूज फ्लॉन्ट करती हैं। कृष्णा श्रॉफ भी भाई टाइगर जॉफ जैसे ही बेहद फिट हैं। कृष्णा श्रॉफ फिटनेस फ्रीक हैं और इंस्टाग्राम पर अक्सर फिटनेस से जुड़े फोटोज-वीडियोज शेयर करती हैं।




## बिग बॉस 16: फिनाले से कुछ हफ्ते पहले टीना दत्ता बाहर! शो के फैंस ने मनाई खुशी



रियलिटी शो बिग बॉस 16 के कुछ आखिरी हफ्ते बचे हैं। ऐसे में शो में जहां ड्रामा बढ़ रहा है वहीं फैंस की उत्सुकता भी बढ़ रही है कि फिनाले में कौन पहुंचेगा। शो में अब केवल 8 कंटेस्टेंट बचे हैं। शो के कंटेस्टेंट ने 8 में से 4 को शो से बाहर होने के लिए एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया है। इस वीकेंड पर नॉमिनेशन होने हैं और एक कंटेस्टेंट शो से बाहर हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शो से इस बार टीना दत्ता को निकाला गया है। टीना दत्ता बिग बॉस के घर से बेघर हो चुकी हैं। हालांकि टीना इस सीजन में लोकप्रिय बिग बॉस कंटेस्टेंट में से एक रही हैं लेकिन फिर भी उनके बाहर जाने की खबरें आते ही शो के फैंस में खुशी है। उन्होंने टीना को क्राई बेबी यानी हर समय रोने वाली बताया है। शो के पिछले हफ्तों में टीना और शालीन भनोट के रोमांटिक रिश्ते में दरार भी देखने को मिली हैं। शुरुआत साथ करने वाले टीना और शालीन के बीच में झगड़े देखने को मिले हैं। इसके बाद टीना ने शालीन के खिलाफ भी बोला और शालीन ने टीना के खिलाफ। झगड़ों के बाद और सलमान से डांट के बाद शो में टीना कई बार रोती हुई दिखीं। अब टीना के घर से बाहर होने की खबरों पर फैंस का कहना है कि अच्छा ही हुआ टीना बाहर हुई हैं क्योंकि वो शो को खराब कर रही थीं। वहीं फैंस ने ये भी कहा है कि शालिन के साथ उनकी प्यार और नफरत की केमिस्ट्री उनके काम नहीं आई। बता दें कि पिछले एपिसोड में शो की होस्ट बनकर आई फराह खान ने टीना दत्ता और प्रियंका चाहर चौधरी को उनके व्यवहार के लिए डांट लगाई। उन्होंने शालिन भनोट को लगातार धमकाने के लिए उन्हें फटकारा। इसी बात को लेकर तीनों के बीच कहासुनी हो गई।

## वैशाली ठक्कर की मौत की वजह बना आपत्तिजनक वीडियो, राहुल ने गोवा में किया था रिकॉर्ड



टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर सुसाइड केस में अब नया अपडेट सामने आया था। रिपोर्ट्स थीं कि वैशाली को उसका पड़ोसी राहुल ब्लैकमेल कर रहा था। अब कोर्ट में पेश किए गए चालान से यह पता चला है कि राहुल ने गोवा में वैशाली का आपत्तिजनक वीडियो बनाया था। इतना ही नहीं उसने यह वीडियो वैशाली के मंगेतर को भेज दिया था। यही उनकी सगाई टूटने की वजह बनी और वैशाली ने जान दे दी।

**राहुल ने तुड़वाई शादी**–बीते दिनों ससुराल सिमर का एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर की मौत ने उनके चाहनेवालों को झटका दिया था। रिपोर्ट्स से पता चला था कि वह पड़ोसी राहुल नवलानी की ब्लैकमेलिंग से परेशान थीं। राहुल की वजह से एक बार पहले भी उनकी शादी टूट चुकी थी। इस बार फिर से उसने मंगेतर मितेश को आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो भेज दिए थे। वैशाली पहले राहुल के साथ रिलेशनशिप में थीं। वह उनके साथ गोवा गई थीं तभी उसने वैशाली के नहाते वक्त चुपचाप वीडियोज बना लिए थे। **साथ में रुके थे वैशाली, राहुल**–रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस चालान में बताया गया है कि राहुल नवलानी के साथ वैशाली 2021 में गोवा गई थी। दोनों साथ में वहां के एक होटल में रुके थे। यहां दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और शादी का प्लान हुआ। राहुल ने यहां वैशाली के कुछ आपत्तिजनक वीडियोज बना लिए। इसके बाद इनसे ही उन्हें ब्लैकमेल करने लगा। रिपोर्ट के मुताबिक, राहुल ने किसी और नाम से इंस्टा आईडी बनाकर वैशाली के मंगेतर को ये वीडियोज भेज दिए थे। वहीं आरोपी राहुल नवलानी के वकील राहुल पेठे का कहना है कि पुलिस बयानों के आधार पर काल्पनिक कहानी बता रही है।



## सिद्धार्थ को डेट कर रहीं अदिति राव हैदरी? शारवानंद की सगाई में ट्रेडिशनल अंदाज में दिखे साथ



तेलुगु अभिनेता शारवानंद शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने रक्षिता के साथ सगाई की। इस सगाई फंक्शन में टॉलीवुड के सेलेब्स भी शामिल हुए। माइनेनी वसुंधरा देवी और माइनेनी रत्नागिरी वारा प्रसाद राव के बेटे शारवानंद, रक्षिता के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। रक्षिता हाईकोर्ट के वकील पसनूर मधुसूदन रेड्डी और पासुनूर सुधा रेड्डी की बेटी हैं। शारवानंद और रक्षिता की सगाई हैदराबाद में हुई। फंक्शन से कपल की, परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबी दोस्तों के साथ सेलेब्स की भी फोटो वायरल हो रही हैं। शारवानंद ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो पोस्ट की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मुझे मेरे लिए रक्षिता मिल गई। इस मौके पर मेगास्टार चिरंजीवी का परिवार, नागार्जुन का परिवार, राम चरण पत्नी उपासना के साथ, अखिल, नानी, राणा दग्गुबाती, सिद्धार्थ, अदिति राव हैदरी भी पहुंचे। सबसे ज्यादा ध्यान खींचा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने। दोनों साथ फंक्शन में पहुंचे। दोनों की जोड़ी लंबे समय से चर्चा में है। दोनों के डेटिंग करने की खबरें कई बार सामने आई हैं।दोनों इस फंक्शन में साथ बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। अदिति राव हैदरी ने पीले रंग की साड़ी और हरे रंग के ब्लाउज पहना था। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए बाल खुले रखे थे। उनके कथित बॉयफ्रेंड सिद्धार्थ ने भी उनके साथ पोज दिए। उन्होंने ब्लैक जैकेट के साथ प्रिंटेड रेड कुर्ता पहना था। शादी की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ अपनी रोमांटिक एक्शन फिल्म महा समुद्रम (2021) के सेट पर पहली बार मिलने के बाद काफी लंबे समय से अभिनेता अदिति राव हैदरी को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने डेटिंग की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले सिद्धार्थ ने अदिति राव हैदरी के जन्मदिन पर दोनों की साथ फोटो शेयर की है। उन्होंने अदिति को राजकुमारी बताकर दिल वाले इमोजी के साथ पोस्ट शेयर किया था। दोनों फोटो में ट्रेडिशनल अंदाज में खूबसूरत लग रहे थे।



## 'नागिन 6' में रहस्यमयी शेषा का किरदार निभाने वाली अदा खान ने बताया–वह वैंप होगी या फिर नायिका



एकता कपूर के पॉप्युलर सुपरनैचुरल शो नागिन के सीजन 6 में अदा खान की वापसी शेषा के रूप में हो चुकी है। वैसे तो शेषा काफी रहस्यमयी रही हैं और लोगों को इंतजार रहता था कि उसकी अगली चाल क्या होगी। हालांकि इस बार अंदाज जरा हटकर है। अदा ने अपने इस किरदार के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी कुछ कहा है। तकरीबन देश दशक से छोटे पर्दे के दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब अदा खान ने टेलिविजन पर कई भूमिकाएं की हैं, मगर नागिन की शेषा की भूमिका ने उन्हें एक अलग तरह की शोहरत दिलाई है। नागिन के सीजन 6 में शेषा की वापसी हो चुकी है, मगर इस बार शेषा एक अलग अंदाज में नजर आ रही है। अदा से एक खास बातचीत।

**शेषा वापिस आ गई है, नागिन 6 में अपनी भूमिका और लुक के बारे में बताएं?**

हर सीजन में शेषा का रूप बदलता है। यह हमेशा एक जैसा नहीं रहता है। हर सीजन एक अलग पहनावा, डिफरेंट मेकअप, अलग बाल, सब कुछ अलग होता है। हर एक प्रशंसक को इस बात का इंतजार रहता है कि शेषा का लुक इस बार कैसा होगा? वे उसके गहनों से लेकर कपड़ों तक, मेकअप और अन्य सभी चीजों पर पूरी बारीकी के साथ ध्यान देते हैं। वैसे इस बार सभी और खुश हैं कि शेषा ने सकारात्मक किरदार में वापसी की है। मेरी एंट्री वाला एपिसोड यूट्यूब, ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा था।

**शो में कमबैक पर कैसा महसूस कर रही हैं? इसे हमेशा प्यार मिलने का सबसे बड़ा कारण क्या मानती हैं?**

बहुत खुश हूं। मेरे फैंस और दर्शकों ने मुझे अथाह प्यार दिया है। निर्माता मुझे किसी भी सीजन में बुलाते हैं, तो मैं हमेशा ही बहुत खुश होती हूं। ऐसा लगता है कि आप घर वापस आ गए हैं क्योंकि आखिरकार यह शो मेरे लिए अपने बच्चा जैसा है। मैं सीजन एक का हिस्सा थी और इसकी शुरुआत मेरे साथ ही हुई थी। इसलिए जब मैं दूसरे सीजन में भी आती हूं, तो मुझे मजा आता है। मुझे शेषा का किरदार निभाने में मजा आता है और मुझे यकीन है कि हमेशा की तरह दर्शक एक बार फिर शेषा को ढेर सारा प्यार देंगे। जहां तक शेष की लोकप्रियता की बात है, तो निश्चित रूप से मेरी परफॉर्मेंस ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है। यह ठीक वैसा ही जैसा एकता मैम चाहती थीं, जो क्रिएटिव चाहते थे, जो डायरेक्टर की परिकल्पना थी। शेषा कभी नेगेटिव आती है, तो कभी पॉजिटिव आती है...तो किसी को पता नहीं चलता। वह हमेशा रहस्यमयी रहती है। इसलिए मैंने एक पोस्ट में लिखा भी था कि वह रहस्यमयी है क्योंकि आप नहीं जानते कि उसकी अगली चाल क्या होगी? क्या वह वैंप होगी या फिर नायिका।

**मौजूदा दौर सोशल मीडिया के दौर में लोग इसके एडिक्ट हो चुके हैं, मगर कई ऐसे हैं, जो इससे दूर हैं, उनके बारे में क्या कहेंगी?**

जो लोग इससे दूर हैं, मैं उन्हें सलाम करती हूं और मैं वास्तव में उन्हें बहुत एडमायर करती हूं,,क्योंकि अगर मुझे ऐसा कुछ करने का मौका दिया जाता तो मैं भी ऐसा ही करती थी, लेकिन अभिनय के पेशे में होने के कारण सोशल मीडिया पर रहना पड़ता है और हर उस चीज पर बने रहना होता है, जिसमें विजिबिलिटी है, क्योंकि यही आपको अपने प्रशंसकों से जोड़ता है।

## बिजनेस की खबर - एक नजर



## 'इनोवेशन कैंपस' प्रोग्राम के तहत कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग से जुड़े कोर्स 8 शहरों में शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने अपने सीएसआर कार्यक्रम सैमसंग इनोवेशन कैंपस को देश भर के आठ परिसरों में शुरू किया है। इसका उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में 3,000 पिछड़े युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना और उन्हें संबंधित क्षेत्र में जॉब प्लेसमेंट प्राप्त करने में मदद करना है। इसके पहल के साथ, सैमसंग भारत का एक मजबूत भागीदार होने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है और देश के युवाओं एवं पॉवरिंग डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने के अपने मिशन में सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और हैदराबाद में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, भिलाई में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, करीमनगर में एसआरआर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज, भुवनेश्वर में सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, बेंगलुरु में श्री जयचामाराजेंद्र पॉलिटेक्निक कॉलेज और विशाखापत्तनम के डॉ. लंकापल्ली बुलैया कॉलेज में सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम शुरू हो गए हैं।पार्थ घोष, प्रमुख, सीएसआर एवं कम्युनिकेशंस, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा, ÷हमारी ग्लोबल सिटिजनशिप पहल, सैमसंग इनोवेशन कैंपस, भारत के विकास एजेंडे के साथ निकटता से जुड़ी हुई है। इस पहल के माध्यम से, हम युवाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं और भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करना चाहते हैं। इसके साथ ही हम भारत के विकास की कहानी को आगे बढ़ाना चाहते हैं और डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना चाहते हैं।एआई कोर्स को चुनने वालों को 270 घंटे का थ्योरी प्रशिक्षण और 80 घंटे का प्रोजेक्ट वर्क पूरा करना होगा।

## वैल्वोलिन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को सुरक्षित रखने में बढ़ाया कदम

**नई दिल्ली।** वैल्वोलिन जो अपनी आधुनिक सेवाओं एवं प्रोडक्ट्स के साथ मोबिलिटी के भविष्य को सशक्त बनाती है, अब भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किए गए फ्लूड्स लेकर आई है। हमेशा से आधुनिक तकनीक से युक्त प्रोडक्ट्स में सबसे आगे रहने वाली कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ईवी फ्लूड्स का विकास किया है, जो ईवी कैटेगरी में सर्वोच्च मानकों से युक्त हैं और इन वाहनों के रखरखाव में मददगार होंगे। कंपनी बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स से लेकर, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, प्लग इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और ऑटोनोमस व्हीकल्स एवं इलेक्ट्रिक फ्लीट्स तक के लिए आधुनिक फ्लूड समाधान लेकर आती है। इस अवसर पर, संदीप कालिया, एमडी एवं सीईओ, वैल्वोलिन इंडिया ने कहा, ''हम इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं और पिछले 150 सालों से हम आधुनिक वाहनों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स का अनुसंधान एवं विकास कर रहे हैं। आने वाले सालों में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेज़ी से बढ़ेगी।और इसी को ध्यान में रखते हुए हम हर तरह के वाहन मालिकों की ज़रूरतों को पूरा करना चाहते हैं। ऑटोमोटिव के भविष्य को देखते हुए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज़ हर उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा कर सकें, उनकी हर समस्या को हल करने में सक्षम हों।''

## मारुति की रिकॉर्ड तोड़ बिकीं गाड़ियां, 2351 करोड़ प्रॉफिट

**नई दिल्ली।** ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने दिसंबर 2022 के नतीजें जारी कर दिए हैं। दिसंबर तिमाही में ऑटो दिग्गज को ?2,351 करोड़ का जबरदस्त नेट प्रॉफिट हासिल हुआ है। यह एक साल पहले की तिमाही में ?1,011 करोड़ की तुलना में डबल है। कंपनी के शेयर लगभग 3त्न चढ़कर 8,633.10 रुपये पर पहुंच गए। व्हीकल कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू साल-दर-साल 25त्न बढ़ गया है। यह साल दर साल यानी ङ्घश्ङ्घ के आधार पर ?23,246 करोड़ के मुकाबले ?29,044 करोड़ हो गया। मारुति सुजुकी को वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में इसका ऑपरेटिंग प्रॉफिट बढ़कर 2,123 करोड़ रुपये हो गया है। इससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 919 करोड़ रुपये था।अक्टूबर से दिसंबर के दौरान कंपनी ने कुल 465,911 गाड़िया बेची हैं। घरेलू बाजार में बिक्री 403,929 यूनिट और निर्यात 61,982 यूनिट रहा। इस तिमाही में इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट की कमी ने लगभग 46,000 गाड़ियों के प्रोडक्शन को प्रभावित किया। पिछले साल दिसंबर तिमाही में कुल बिक्री 430,668 इकाइयां रही थीं, जिसमें 365,673 यूनिट देश में ही बिकीं और 64,995 एक्सपोर्ट किया गया था। मंगलवार दोपहर के सौदों में बीएसई पर मारुति सुजुकी के शेयर 2त्न से अधिक ? 8,595 पर कारोबार कर रहे थे। एक साल की अवधि में ऑटो स्टॉक 7त्न से अधिक बढ़ गया है। पिछले एक महीने में यह शेयर 5त्न चढ़ गया है।

## न्यूज इन बॉक्स

डिग्री मिलने पर खिले स्टूडेंट्स के चेहरे

### एमजेआरपी के 7वें दीक्षांत समारोह में डेढ़ हजार से अधिक स्टूडेंट्स को मिली डिग्रियां




जयपुर (नि.सं.)। 'सालों की मेहनत के बाद मिली डिग्री और गोल्ड व सिल्वर मेडल की चमक स्टूडेंट्स के चेहरे पर साफ झलक रही थी। अवसर था महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय जयपुर के सातवें दीक्षांत समारोह का। विश्वविद्यालय के अचरोल कैम्पस में आयोजित कार्यक्रम में तीन पद्मश्री शख्सियतों को पीएचडी की मानद उपाधियां भी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि राज्य के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा थे। समारोह में पद्मश्री से सम्मानित हरियाणा के प्रसिद्ध समाजसेवी ओम प्रकाश गांधी (बालिका शिक्षा), जयपुर निवासी पैरालम्पिक में गोल्ड मैडल विजेता पद्मश्री अवनि लेखरा और बनारस के प्रसिद्ध ठुमरी गायक व सितार वादक पद्मश्री पंडित शिवनाथ मिश्र को पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा गया। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि समारोह में डेढ़ हजार से ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट के विद्यार्थियों को डिग्री दी गई।

## उत्तराखंड के पारंपरिक फूड्स ने जयपुराइट्स का जीता दिल

### फूड फेस्टिवल में झंगोरा का चावल, मंडवे की रोटी, बद्दू की दाल जैसे व्यंजन को रहे खास



जयपुर (नि.सं.)। उत्तराखंड भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है, ये अपनी प्राकृतिक सुंदरता, कला, संस्कृति और खान-पान खाने के लिए जाना जाता है। देवभूमि के नाम से मशहूर देश का ये पहाड़ी राज्य अपनी विविधता के लिए दुनिया भर में मशहूर है। इसी विविधता और यहां के खान–पान की खुशबू से रूबरू करवाने के लिए पांच बत्ती एमआइ रोड स्थित वॉल स्ट्रीट होटल में उत्तराखंड का पहाडी फूड फेस्टिवल की शुरुआत हुई। इसमें उत्तराखंड के पारम्परिक व्यंजनों को इस फेस्टिवल में परोसा जा रहा है। होटल के जनरल मैनेजर बब्बन सिंह और शेफ देवराज सिंह ने बताया कि इस फेस्टिवल इसका मुख्य उद्देश्य जयपुर वासियो को उत्तराखण्ड के पहाड़ी व्यंजनों के स्वाद से अवगत कराना है। फूड फेस्टिवल में देव भूमि उत्तराखण्ड के पारम्परिक व्यंजन भटवानी, अरसा घरयामीट, बद्दू की दाल, झंगोरा का चावल मंडवे की रोटी, अरसा बाल मिठाई जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जा रहे है।

## जयपुर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बरसाई गोलियां

### पॉश इलाके के क्लब में फायरिंग; गैंगस्टर की धमकी– सबका नंबर आएगा



जयपुर (नि.सं.)। जयपुर के एक पॉश इलाके में लॉरेंस गैंग की ओर से की गई फायरिंग से दहशत फैल गई है। घटना के करीब 12 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। वहीं, फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर रितिक बॉक्सर ने ली है। उसने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए कहा कि - सबका नंबर आएगा। मामला जवाहर थाना के जी क्लब का है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 12 बजे बाइक पर आए तीन बदमाशों ने क्लब में बाहर से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज आते ही वहां अफरा-तफरी मच गई।

10 रुपए सैंकडे के हिसाब से वसूल रहे थे ब्याज

## ब्याज माफिया से परेशान होकर युवक ने किया सुसाइड



जयपुर(नि.सं.)। ब्याज माफियाओं से परेशान होकर एक युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। यह घटना जयपुर के चाकसू थाना इलाके के रेगर मोहल्ले की है। मृतक प्रवीण कुमार ने मरने से पूर्व आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ डराने, धमकाने और सुसाइड करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतक की मां को घर से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है कि आरोपी उससे 10 रुपए सैकड़ा के हिसाब से पैसा ले रहे थे। यह ब्याज माफिया इलाके के ही रहने वाले हैं। और प्रवीण कुमार को काफी समय से परेशान कर रहे थे। सुसाइड नोट मिलने पर मृतक प्रवीण कुमार की मां शांति देवी की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। चाकसू थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आधा दर्जन से अधिक नामजद लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने ,एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मुख्य सचिव ने की राज्य फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा

# इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना से बदल सकती है शहरों की तस्वीरःशर्मा



जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव श्री उषा शर्मा ने कहा कि राजस्थान मनरेगा की तर्ज़ पर शहरी क्षेत्र के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना लागू करने वाला पहला राज्य है तथा इस योजना का राष्ट्रीय स्तर पर उत्सुकता के साथ अवलोकन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर श्रम नियोजन एवं नगरीय सौन्दर्यीकरण के कार्यों के माध्यम से इस योजना को मॉडल बनाने का प्रयास किया जाए। श्रीमती शर्मा ने ज़िला कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष से सभी संभागीय आयुक्त एवं ज़िला कलेक्टर्स के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अध्यक्षता कर रही थी। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनांतर्गत अधिकाधिक लोगों को लाभ पहुँचाने के लिए युद्ध स्तर पर पंजीकरण करवाए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर नियमित रूप से पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना की समीक्षा करते हुए श्रीमती शर्मा ने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करें एवं समय समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। वहीं मुख्यमंत्री निश्शुल्क यूनिफ़ॉर्म वितरण योजना के यूनिफ़ॉर्म फ़ैब्रिक आपूर्ति, सिलाई राशि हस्तांतरण आदि बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुए तय समयावधि में शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने राजस्थान सिलिकोसिस नीति, 2019 की समीक्षा के दौरान कहा कि कार्यस्थलों पर सिलिकोसिस से बचाव हेतु जारी प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिलिकोसिस रोग की रोकथाम के लिए मिशन मोड़ पर प्रयास करने के निर्देश दिए। शर्मा ने राज्य सरकार के चिंतन शिविर में निर्णीत विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कार्यबिन्दुओं से अवगत करवाया एवं कहा कि चिंतन शिविर में निर्धारित किए गए कार्य बिन्दुओं पर वर्क प्लान तैयार किया जाएगा ताकि प्रभावी कार्य किया जा सकें। मुख्य सचिव ने बजट घोषणाओं (वर्ष 2019-20 से 2022-23) से सम्बन्धित भूमि आंवटन के कार्यों की प्रगति समीक्षा की तथा लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए।बैठक में चिन्हित संकेतकों पर आधारित एस्पिरेशनल ब्लॉको से सम्बन्धित जिला कलेक्टर्स को रैंकिंग सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की स्थायी समिति की बैठक से सम्बन्धित बिन्दुओं पर सम्बन्धित संभागीय आयुक्त एवं सम्बन्धित ज़िलों के कलेक्टर्स से चर्चा की।

# मुझे भी हिंदू कहें: आरिफ मोहम्मद

## कहा- भारत में जन्मा हर शख्स हिंदू, अंग्रेजों ने हमें धर्म के आधार पर बांटा था



तिरुवनंतपुरम(एजेंसी)। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कहना है कि हिंदू एक धार्मिक शब्द नहीं है, यह भौगोलिक शब्द है। जो भी भारत में पैदा हुआ, देश में खाते-पाते, उन्हें हिंदू कहा जाना चाहिए। आरिफ मोहम्मद ने कहा कि आपको मुझे भी हिंदू कहना चाहिए। अंग्रेजों ने लोगों को धर्म के आधार पर बांटा था। वे शनिवार को तिरुवनंतपुरम के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

भारत में पैदा हुए हर शख्स को हिंदू कहलाने का अधिकार

केरल के राज्यपाल 28 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में उत्तरी अमेरिका में बसे मलयाली हिंदुओं की ओर से आयोजित हिंदू सम्मेलन का उद्घाटन करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि सर सैयद अहमद खान ने एक बार कहा था कि मुझे नहीं लगता कि हिंदू एक धार्मिक शब्द है, यह एक भौगोलिक शब्द है। जो कोई भी भारत में पैदा हुआ है, भारत में पैदा हुआ अनाज खाता है.. यहां की नदियों का पानी पीता है, वह हिंदू कहलाने का हकदार है। आरिफ मोहम्मद ने कहा कि आपको मुझे भी हिंदू कहना चाहिए... अंग्रेजों के समय में हिंदू, मुस्लिम और सिख जैसी शब्दों का इस्तेमाल करना किया जाता था। क्योंकि उन्होंने लोगों को धर्मों के आधार पर बांट दिया था। इस दौरान केरल गवर्नर ने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत को सौ टुकड़ों में देखना चाहते हैं, वे परेशान हैं, इसलिए वे इस तरह के नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं। यह उन लोगों की साजिश है जो भारत को अंधकार में देखना चाहते हैं।

ये लोग उस समय के हालातों पर डॉक्यूमेंट्री क्यों नहीं बनाते जब अंग्रेज भारत में आए थे।

राजस्थान उच्चतर शिक्षा परिषद् की चौथी बैठक

# विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के नियमित आने की मॉनीटरिंग की जाए: यादव



जयपुर(नि.सं.)। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि राज्य में विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण सुधार के लिए यह जरूरी है कि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थी तथा शिक्षक नियमित रूप से आए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित किया जाए, जिससे विभाग स्तर पर इनके नियमित आने की लगातार मॉनीटरिंग की जा सके।यादव शिक्षा संकुल में राजस्थान उच्चतर शिक्षा परिषद् की चौथी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परिषद् का गठन विद्यार्थियों तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने, इस क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा जवाबदेही तय करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि परिषद् के हितधारकों के सभी सुझावों को अमल में लाने का प्रयास विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि राज्य उच्च शिक्षा में ऐसे मुकाम पर पहुंचे जिसका अन्य राज्य भी अनुसरण करें। यादव ने कहा कि मुख्य मंत्री द्वारा चिंतन शिविर में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के प्रति व्यक्त प्रतिबद्धता तथा सरकार द्वारा पिछले चार वर्षो में उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्यात्मक अभिवृद्धि से उच्च शिक्षा नये आयामों को प्राप्त करेगी। उन्होंने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2018 तक राज्य में सामान्य शिक्षा के 250 महाविद्यालय थे जबकि गत चार वर्ष में 211 नए कॉलेज और 42 नए कृषि महाविद्यालय खोले गए है। साथ ही दिव्यांग जनों के लिए राज्य में पहली बार मूकबधिर महाविद्यालय खोला गया है। उन्होंने कहा कि राज्य शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली तथा विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम को लागू करने की दिशा में जरूरी प्रयास तथा बदलाव करने होंगे। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री भवानी सिंह देथा ने कहा कि विभाग द्वारा उच्च शिक्षा में सुधार के लिए राजीव गांधी स्कॉलरशिप योजना सहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलने की संभावनाएं बनेंगी। उन्होंने कहा कि विभाग एनएएसी से ग्रेड प्राप्त करने के लिए महाविद्यालयों की लगातार मॉनीटरिंग कर रहा है, परिणामस्वरूप विभिन्न महाविद्यालयों ने एनएएसी से ग्रेड प्राप्त की है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान(रूसा) के कार्यो को गति दी जायेगी एवं रूसा लाभार्थी संस्थाओं की थर्ड पार्टी ऑडिट करवायी जायेगी। राजस्थान राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद की बैठक में संकल्प किया गया कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षण नीति 2020 के मुख्य घटकों में से सी.बी.सी.एस. 2023-24 से, बहु विषयक स्नातक डिग्री कार्यक्रम, मल्टी एण्ट्री एण्ड एक्सिट 2025 से लागू किया जायेगा।

अवैध शराब की फैक्ट्रियों पर आबकारी का छापा

# 22 लीटर स्प्रिट, 624 पव्वे शराब सहित सामान जब्त



सीकर(वि.सं.)। सीकर आबकारी विभाग ने बीती शाम दांतारामगढ़ इलाके में बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी विभाग की टीम ने यहां 50 मीटर की दूरी में ही 2 अवैध शराब की फैक्ट्री पर दबिश दी। हालांकि टीम के पहुंचने से पहले दोनों फैक्ट्रियों के मालिक फरार हो गए लेकिन टीम को फैक्ट्रियों में कच्चा माल मिला है जिसे जब्त कर लिया गया है। फिलहाल आबकारी विभाग की टीम दोनों आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। सीकर आबकारी उत्तर सीआई मुकेश भाकर ने बताया कि सीकर दक्षिण आबकारी सीआई यशवंत सिंह राठौड़ को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर बीती शाम सीकर के नया बास में 50 मीटर की दूरी में दो अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ी गई है। मौके से 22 लीटर स्प्रिट, 624 पव्वे स्प्रिट निर्मित शराब से भरे हुए, 3680 खाली प्लास्टिक के पव्वे, अंग्रेजी शराब के ढक्कन, स्टिकर रोल और सीलिंग मशीन बरामद की गई है। हालांकि मौके से दोनों आरोपी नरपत सिंह उर्फ नरसी पुत्र कल्याण सिंह और सरदार सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी नयाबास, दांतारामगढ़ फरार हो गए।



## एमजीडी रन ड्यूलाथोन में गर्ल्स ने दिखाया उत्साह

### मैराथन और साइक्लिंग इवेंट में जोश के साथ 2 हजार स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा

जयपुर(नि.सं.)। महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल, जयपुर में रविवार को ग्रेट एम.जी.डी रन ड्यूलाथोन (मैराथन व साइकिलिंग) का आयोजन किया गया। इस ड्यूलाथोन की शुरुआत हेमंत प्रियदर्शी (एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस एंटी करप्शन ब्यूरो) ने फ्लैग ऑफ करके की। इस ड्यूलाथन में कक्षा 1 से 12 की लगभग 2000 छात्राओं ने भाग लिया। यह ड्यूलाथोन विभिन्न कैटेगरी में आयोजित की गई, जिसमें मैराथन व साइकिलिंग प्रमुख थी। यह ड्यूलाथन एमजीडी स्कूल से शुरू होकर सेंट जेवियर स्कूल तक 2 किलोमीटर रन, स्टेच्यू सर्किल तक 4 किलोमीटर और फिर वापस स्कूल तक आठ किलोमीटर वर्ग की रन आयोजित हुई। इस ड्यूलाथन को इटर्नल हॉस्पिटल, संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल व पिंक अदरक ने सहयोग किया।




## बिना वर्क ऑर्डर 34 पंचायतों में बांटे 6–6 पौधे

डूंगरपुर (वि.सं.)। पंचायत समिति दोवड़ा की 34 ग्राम पंचायतों में बिना वर्क ऑर्डर के पौधे बांटने का मामला सामने आया है। फर्म द्वारा पंचायतों में निशुल्क कहकर 6-6 पौधों का वितरण किया गया। बाद में फर्म ने 300 पौधों का बिल देकर 90 हजार से एक लाख रुपए तक पंचायतों से भुगतान तक उठाया जा रहा है। कई पंचायतों के सरपंचों पर भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद अब अधिकारी अपने से पहले का मामला बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। दोवड़ा पंचायत समिति में एक साल पहले डूंगरपुर जिले से साढ़े 500 किलोमीटर दूर जयपुर की एक फर्म ने स्थानीय अधिकारियों से मिलीभगत कर पंचायतों में 6-6 पौधे एक पिकअप में भरकर छुट्टी के दिन पहुंचा दिए।

खराबे की स्थिति में संबंधित कंपनी को करें रिपोर्ट

# फसल खराबे की सूचना 72 घण्टे में देना जरूरी

जयपुर(नि.सं.)। राज्य में मौसम की विपरीत परिस्थितियों के कारण हुए फसल नुकसान की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत भरपाई के लिए बीमित काश्तकारों को 72 घण्टे के भीतर सम्बंधित जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी को खराबे की सूचना देना जरूरी है। कानाराम ने बताया कि वर्तमान में मौसम की विपरीत परिस्थितियों के कारण किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत ओलावृष्टि व जलभराव के कारण बीमित फसल में नुकसान होने पर किसान को व्यक्तिगत आधार पर बीमा आवरण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि बीमित फसल को ओलावृष्टि या जलभराव के कारण नुकसान होने पर घटना के 72 घण्टे के भीतर जिले में कार्यरत बीमा कंपनी को सूचना देना आवश्यक है। इसकी सूचना बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर अथवा क्रोप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से दी जा सकती है। इसके अलावा प्रभावित बीमित किसान जिलों में कार्यरत बीमा कंपनी, कृषि कार्यालय अथवा संबंधित बैंक को भी हानि प्रपत्र भरकर सूचना दे सकते हैं। खराबे की सूचना नहीं देने वाले किसान समय पर सूचना दर्ज कराएं ताकि योजना के प्रावधानों के मुताबिक बीमा लाभ दिया जा सके।

**बीमा कंपनियों के जिलेवार टोल फ्री नम्बर**

- एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड जिले बांरा, धौलपुर, हनुमानगढ़, बाड़मेर, झुंझुनू, करौली एवं उदयपुर टोल फ्री नंबर 18004196116
- एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिले चूरू, भीलवाड़ा, राजसमंद, दौसा, झालावाड़, श्रीगंगानगर एवं अलवर टोल फ्री नंबर 18002091111
- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिले बांसवाड़ा, नागौर भरतपुर, जयपुर, पाली एवं प्रतापगढ़ टोल फ्री नंबर 18001024088
- फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिले बूंदी, डूंगरपुर जोधपुर टोल फ्री नंबर 1800266 4141
- बजाज अलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिले अजमेर, जालौर, सवाई माधोपुर एवं कोटा टोल फ्री नंबर 18002095959
- एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जिले जैसलमेर, सीकर एवं टोंक टोल फ्री नंबर 1800266 0700



## विधायक को एस्कॉर्ट कर रही जीप दुर्घटनाग्रस्त

### एस्कॉर्ट में सवार चार पुलिसकर्मियों की लगी चोट,आगे चल रही बस के ब्रेक लगाने से हुई दुर्घटना

जयपुर(नि.सं.)। कानोता थाना इलाके में विधायक की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रही पुलिस की जिप्सी आगे चल रही बस से टकरा गई। हादसे में जिप्सी में सवार पुलिसकर्मियों को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि विधायक जोगिंदर सिंह अवाना जयपुर से नदबई जा रहे थे। जयपुर से पुलिसकर्मी विधायक को एस्कॉर्ट कर रहे थे। कानोता थाना इलाके में आगे चल रही बस के ब्रेक लगा देने से जिप्सी उससे जा टकराई। घटना के बाद विधायक अवाना ने घायल पुलिसकर्मियों की कुशलक्षेम पूछी। सूचना पर कानोता पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायल पुलिसकर्मियों का निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया।

## जालोर कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष समेत 3 की मौत

### ट्रेलर की टक्कर से बोलेरो कैंपर के उड़े परखच्चे, 4 घायल जोधपुर रेफर

जालोर(वि.सं.)। जालोर में सड़क हादसे में वीरमदेव गवर्नमेंट कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष समेत 3 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग देर रात करीब 11.30 बजे आहोर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान उनकी बोलेरो कैंपर की सामने से आए ट्रेलर से भिड़ंत हो गई। आहोर थानाधिकारी गिरधर सिंह ने बताया कि जालोर कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष कालूसिंह भाटी (25) पुत्र छगन सिंह निवासी टेकरा अपने साथियों के साथ आहोर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान जालोर-आहोर रोड पर कानीवाड़ा मोड़ पर ट्रेलर से उनकी गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो कैंप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कालूसिंह भाटी, करण सिंह (25) पुत्र बगतावर सिंह निवासी कोराणा और कैलाश चौधरी (25) पुत्र सूजाराम चौधरी निवासी भवरानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कानीवाड़ा निवासी जसवंत सिंह पुत्र सुर सिंह, कानीवाड़ा निवासी जीतू सिंह पुत्र जेठू सिंह, राजेंद्र नगर (जालोर) निवासी गौरव प्रजापत पुत्र नैनसिंह प्रजापत और भीनमाल निवासी विराट जैन पुत्र अशोक कुमार जैन गंभीर घायल हो गए।

जयपुर में इंस्टाग्राम फ्रेंड ने दी युवती को धमकी

## शादी करने का बना रहा दबाब; घर के बाहर आकर मरने के भेजे मैसेज



जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में इंस्टाग्राम फ्रेंड के एक युवती को धमकी देने का मामला सामने आया है। युवती के शादी से मना करने पर उसके घर के बाहर आकर मरने की धमकी दे रहा है। आए दिन पीछा कर उसके साथ छेड़छाड़ करता है। कालवाड़ थाने में पीड़िता ने आरोपी इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी को हिरासत में लिया है। एसएचओ रविन्द्र प्रताप ने बताया कि कालवाड़ निवासी 19 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले ही इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती सलमान रंगरेज से हुई थी। इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने पर बातचीत होने लगी। कुछ दिनों पहले से ही आरोपी सलमान उस पर शादी करने का दबाब बनाने लगा। युवती ने उससे शादी करने से मना कर दिया। शादी करने का दबाव बनाने के लिए आरोपी ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में उसका पीछा कर आरोपी छेड़छाड़ करने लगा। शादी से मना करने पर आरोपी ने घर के बाहर आकर मरने की धमकी भरे मैसेज किए। परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

सफल नीलामी | नीनामा दूनिया में तीसरे लाईमस्टोन ब्लॉक की सफल नीलामी

# सरकार को 50 साल में मिलेंगे 9981 करोड़ रूपये

- तीसरे लाईमस्टोन ब्लॉक की नीलामी के साथ इस साल सर्वाधिक 8 मेजर मिनरल ब्लॉक नीलाम
- नीनामा दुनिया ब्लॉक से मिलेगा इसी वित्तीय वर्ष में 9 करोड़ 57 लाख रूपये का राजस्व



जयपुर(नि.सं.)। कोटा रामगंज मंडी के निनामा दूनिया लाईमस्टोन ब्लॉक की सफल नीलामी से आगामी 50 साल में प्रदेश को 9981 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त होगा, वहीं इस ब्लॉक से इसी वित्तीय वर्ष में 9 करोड़ 57 लाख रूपये राजस्व के रूप में मिलेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि जैसलमेर के रामगढ़ और नागौर के एक एक लाईमस्टोन ब्लॉक की सफल नीलामी के बाद कोटा रामगंज मंडी के नीनामा दूनिया ब्लॉक की प्रीमियम दरों पर नीलामी से विभाग उत्साहित है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राज्य में इस वर्ष लाईमस्टोन के ही बांसवाड़ा में चार और नए ब्लॉकों की नीलामी की तैयारी की जा रही है। इस साल अब तक मेजर मिनरल के 8 ब्लॉक नीलाम किए जा चुके हैं, जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। इससे पहले गत वित्तीय वर्ष में मेजर मिनरल के सर्वाधिक 7 ब्लॉक नीलाम किए गए थे। राजस्थान में जहां खान विभाग अपने स्तर पर ब्लॉक तैयार कर भारत सरकार के ई-प्लेटफार्म एमएसटीसी पर नीलामी की कार्यवाही करता है। मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में ब्लॉकों की नीलामी आउट सोर्सिंग के माध्यम से होती है। विभाग द्वारा स्वयं के प्रयासों से प्रीमियम दरों पर ब्लॉकों की नीलामी अपने आपमें महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले साल से ही प्रदेश में मेजर मिनरल ब्लॉक की नीलामी में तेजी आई है। उससे पहले साल भर में दो या तीन ब्लॉक ही नीलाम हो पाते थे। ब्लॉकों की नीलामी से अवैध खनन पर रोक के साथ ही रोजगार व राजस्व की बढ़ोतरी होती है। लाईमस्टोन ब्लॉक की नीलामी से राजस्थान में सीमेंट उद्योग में निवेश और रोजगार के नए क्षेत्र विकसित हो रहे हैं।

## जिला मुख्यालयों पर होगा संगोष्ठी का आयोजन

जयपुर(नि.सं.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर सभी जिला मुख्यालयों में शांति और अहिंसा विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन करवाया जाएगा। शांति और अहिंसा निदेशालय के निदेशक के मुताबिक सभी जिला मुख्यालयों पर शाम 5ः00 बजे महात्मा गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी हैं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। संगोष्ठी में गांधी दर्शन समिति के सदस्य, जिले की गांधीवादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, शांति के क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्तियों के साथ साथ निदेशालय द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर,संभाग स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर तथा प्रदेश स्तरीय महिला प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रतिभागी भाग लेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक मनोज कुमार शर्मा द्वारा उदय प्रिन्टर्स 43ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा 92/289, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। सम्पादक-मनोज कुमार शर्मा मो. 9829634991